तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

10 माकड़ी व घोड़ागांव में विकास कार्यों को मिली रफ्तार



12 मंदिरों में गूंजे वैदिक मंत्र





## खबर संक्षेप

### रायपुर बनाम मड़वा का फाइनल मैच आज



**जगदलपुर।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल बुधवार को हुआ। इसमें से सेमी फाइनल का पहला मैच में रायपुर क्षेत्र बनाम रायपुर सेंट्रल से रायपुर क्षेत्र जीता एवं दूसरा मैच में मड़वा क्षेत्र बनाम कोरबा पश्चिम में मड़वा क्षेत्र जीता। दूसरे सेमीफाइनल में मड़वा की 3 रन से रोमांचक जीता और 88 रन के छोटे से लक्ष्य को धारदार गेंदबाजी से डिफेंड किया। इस तरह से गुरूवार को रायपुर क्षेत्र बनाम मड़वा क्षेत्र फाइनल मैच होगा।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान में रजत जयंती समारोह



**गीदम।** शासकीय उचित मूल्य दुकान गीदम में रजत जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चना व चावल का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में नगर पंचायत गीदम की उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, पार्षद अवधेश गुप्ता तथा खिलावन सागर उपस्थित रहे। अतिथियों ने रजत जयंती की बधाई देते हुए इस पहल की सराहना की तथा खाद्य वितरण व्यवस्था को सार्वजनिक हित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे और वितरण प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

# ब्लू गोल्ड मकाऊ व अफ्रीकन ग्रे पैरेट के आगमन से गुलजार हुआ परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लामनी बर्ड पार्क में बुधवार का दिन प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए बेहद खास रहा। पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता में चार चांद लगाने के लिए नए मेहमानों के रूप में विदेशी पक्षियों का आगमन हुआ है। आज एवीयरी में बेहद आकर्षक ब्लू-एंड-गोल्ड मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट को लाया गया, जिसके बाद से ही ये पक्षी पार्क में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इन नए आगंतुकों के आने से पार्क का पक्षी संग्रह अब और भी समृद्ध हो गया है। इस दौरान प्रकृति प्रेमियों, पर्यटकों सहित नागरिकों ने इन नए मेहमानों का उत्साह के साथ स्वागत किया। लामनी बर्ड पार्क में पहुंचे इन नए मेहमानों में ब्लू-एंड-गोल्ड मकाऊ, जिसे आरा अरारौना भी कहा जाता है, मूल रूप से मध्य और दक्षिण अमेरिका के जंगलों और सवाना का निवासी है। अपनी बुद्धिमत्ता और चटख रंगों के लिए मशहूर इस तोते का ऊपरी हिस्सा गहरा नीला और निचला हिस्सा पेट और छाती चमकदार सुनहरा-पीला होता है, जो इसे अद्भुत सौंदर्य प्रदान करता है। इसके सिर पर हरा रंग और चोंच के पास काले पंखों से सजी सफेद त्वचा इसकी विशिष्ट पहचान है।

लगभग 34 से 36 इंच की लंबाई और 41 से 45 इंच के पंखों के फैलाव वाले ये विशाल तोते न केवल देखने में सुंदर हैं, बल्कि इंसानों की तरह बातचीत करने में भी सक्षम हैं। इनके साथ ही आया अफ्रीकन ग्रे पैरेट अपनी सटीक नकल करने की क्षमता के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, जो पर्यटकों विशेषकर बच्चों के लिए मनोरंजन का एक नया जरिया बनेगा।

**लामनी पार्क के एवीयरी में नए मेहमानों का स्वागत**



### बातूनी पक्षियों को देखने पहुंच रहे लोग

बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि मकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट पालतू पक्षी के रूप में बहुत लोकप्रिय हैं क्योंकि ये बहुत सामाजिक, बुद्धिमान और चंचल होते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ये पक्षी शब्दों और वाक्यांशों को दोहरा सकते हैं और अपने मालिकों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव बना लेते हैं। लामनी पार्क में इन विदेशी पक्षियों के आगमन से उम्मीद है कि शहरवासी और पर्यटक, विशेषकर बच्चे, इन रंग-बिरंगे और बातूनी पक्षियों को करीब से देखने के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे।

## समस्या: केंद्रों में अटका 8.96 लाख मीट्रिक टन धान

# 9.74 लाख मीट्रिक टन खरीदी सिर्फ 8.08 प्रतिशत का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- धान तो खरीदा पर उठाव ठप, किसान बेहाल

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बस्तर संभाग में धान खरीदी के आंकड़े भले ही रिकॉर्ड बना रहे हो, लेकिन उठाव की रफ्तार इतनी सुस्त है कि यह व्यवस्था नहीं, अव्यवस्था का उदाहरण बनती जा रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 9,74,822.28 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जबकि मिलों को जारी मात्रा मात्र 56,944.88 मीट्रिक टन ही है। कुल उठाव 78,739.44 मीट्रिक टन दर्ज किया गया है,जो कुल खरीदी का केवल 8.08 प्रतिशत है।

सरकार ने खरीदी तो कर ली, लेकिन उसे समय पर उठाने, मिलों तक पहुंचाने और प्रसंस्करण की व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही है। वर्तमान में उपार्जन केंद्रों में 8,96,082.84 मीट्रिक टन धान पड़ा हुआ है। संभाग में 382 उपार्जन केंद्र और 82 मिलें हैं,फिर भी इतनी बड़ी मात्रा में धान का केंद्रों में फंसा रहना यह बताता है कि न तो परिवहन की समुचित योजना है और न ही मिलिंग के लिए पर्याप्त तैयारी। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यही हाल रहा तो जल्द ही भंडारण संकट, गुणवत्ता गिरावट और भुगतान में देरी जैसे गंभीर परिणाम सामने आएंगे। किसानों के लिए यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है,बल्कि उनकी रोजमर्रा की चिंता, अगली फसल की तैयारी और परिवार की आर्थिक सुरक्षा का सवाल है।



### सुशासन नीति, जमीनी हकीकत से दूरः कांग्रेस

कांग्रेस का कहना है कि सरकार की कथित "सुशासन नीति" जमीनी हकीकत से कोसों दूर है और किसान इसकी कीमत चुका रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उठाव की गति नहीं बढ़ाई गई, तो यह आंदोलन का रूप ले सकता है। इस पूरे मुद्दे पर तीखा रुख अपनाने वालों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हैं।

### बस्तर संभाग आंकड़ों की सच्चाई, किसानों की पीड़ा

बस्तर संभाग के सात जिलों में 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 9,74,822.28 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। कांकेर जिले में सबसे अधिक 3.70 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी दर्ज की गई जबकि बस्तर, कोंडागांव, सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर में भी भारी मात्रा में धान खरीदा गया। इसके मुकाबले मिलों को जारी मात्रा सिर्फ 56,944.88 मीट्रिक टन है। कुल उठाव 78,739.44 मीट्रिक टन यानी महज 8.08 प्रतिशत रहा। वर्तमान में 8,96,082.84 मीट्रिक टन धान केंद्रों में फंसा हुआ है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि खरीदी व्यवस्था मजबूत है, लेकिन उठाव और प्रसंस्करण की सरकारी तैयारी बेहद कमजोर और इसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

# भोपालपटनम व मद्देड़ थाना क्षेत्र से कमांड व प्रेशर आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- सोमनपल्ली बंदेपारा के कच्चे मार्ग में मिला 10-10 किलो का कमांड आईईडी

बीजापुर जिले के भोपालपट्नम व मद्देड़ थाना के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग एवं डी-माईनिंग अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया दो कमांड व दो प्रेशर आईईडी बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा सोमनपल्ली-बंदेपारा के कच्चे मार्ग व कोण्डापड़गु के जंगल में प्लांट किया गया था।

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मद्देड़ थाना क्षेत्र के सोमनपल्ली-बंदेपारा स्थित कच्चे मार्ग में प्लांट किया गया 10-10 किलोग्राम का दो कमांड आईईडी बरामद किया गया। इन कमांड आईईडी को मद्देड़ थाना व बीडीएस टीम द्वारा सतर्कता से बरामद किया गया। इसके बाद बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही सुरक्षित रूप से उन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया। वहीं भोपालपटनम थाना क्षेत्र स्थित कोण्डापड़गु के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग एवं डी-माईनिंग अभियान के दौरान कैम्प कांडलापर्ती 2 से सीआरपीएफ 214 बटालियन व जिला बल की संयुक्त टीम द्वारा 2-2 किलो का 2 प्रेशर आईईडी बरामद किया गया। इसके बरामद करने के बाद सीआरपीएफ 214 बटालियन की बीडीएस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया। इन दोनों प्रेशर आईईडी को सर्चिंग के दौरान कोण्डापड़गु क्षेत्र से बरामद किया गया जिसे माओवादियों द्वारा जमीन के भीतर गड्ढा खोदकर छुपाकर प्लांट किया गया था। इसके अलावा दो ड्रम भी मिला जिसमें नक्सलियों ने रसद सामग्री संग्रहित कर रखा गया था।

**निगरानी रखी जा रही :** आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि क्षेत्र में माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी है। माओवादी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# बारसूर, मुचनार बने रोमांच और आध्यात्मिक पर्यटन के नए केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

- अतुल्य दंतेवाड़ा के तहत जिपलाइन, नाइट कैंपिंग और सातधार नदी पर्यटकों को कर रही आकर्षित

दंतेवाड़ा जिले में स्थित बारसूर और मुचनार क्षेत्र इन दिनों पर्यटकों के लिए एक सुगम, सुरक्षित और रोमांच से भरपूर पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहे हैं। अतुल्य दंतेवाड़ा अभियान के अंतर्गत यहां एडवेंचर, प्रकृति और आध्यात्मिक पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बारसूर, मुचनार क्षेत्र में पर्यटकों को एडवेंचर गतिविधियों का विशेष अनुभव मिल रहा है। यहां स्थापित जिले की सबसे बड़ी जिपलाइन रोमांच पसंद करने वाले सैलानियों के लिए मुख्य आकर्षण बन गई है। ऊँचाई से प्रकृति के बीच जिप लाइनिंग का अनुभव पर्यटकों को नया उत्साह और यादगार पल प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही नाईट कैंपिंग की सुविधा पर्यटकों को प्रकृति के और भी करीब ले जा रही है। तारों भरे आकाश के नीचे ठहरने का अनुभव, जंगल की शांति और ठंडी हवाओं के बीच बिताई गई रातें सैलानियों को खासा आकर्षित कर रही हैं। बारसूर क्षेत्र अपने प्राचीन और भव्य मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां आस्था और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ यहां की सांस्कृतिक विरासत पर्यटकों को बस्तर की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराती है। वहीं इन दिनों सातधार नदी अपने प्राकृतिक सौंदर्य और कल-कल बहते जल प्रवाह के कारण लोगों का मन मोह रही है। नदी के किनारे समय बिताना, प्रकृति को नजदीक से महसूस करना ⏭ शेष पेज 10 पर



### स्वामी विवेकानंद चौक बना प्रेरणा का केंद्र

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जयंती को मिलन संघ ने आड़ावाल बायपास स्थित स्वामी विवेकानंद चौक में मनाया। स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करने और उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि युवा चेतना के शिल्पकार थे। उन्होंने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक शक्ति, सहिष्णुता, करुणा और अतिथि देवो भवः जैसे मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। उनका संदेश था कि जब तक विचार ऊंचे नहीं होंगे, तब तक जीवन महान नहीं बन सकता। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं को कमजोर न समझें। स्वामी जी का स्पष्ट संदेश था। तुम स्वयं अपने भाग्य के निमार्ता हो। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्यबद्ध जीवन की प्रेरणा दी।

# रेल-इस्पात समन्वय की धुरी बनेगा बस्तर दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कोयला क्वाइल और कनेक्टिविटी तीनों पर रहेगा फोकस

विशाखापटनम रेल मंडल के प्रबंधक डीआरएम ललित बोहरा अपने दो दिवसीय महत्वपूर्ण बस्तर प्रवास पर बुधवार देर रात स्पेशल सैलून से जगदलपुर पहुंचेंगे। उनके साथ मंडल के आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। दोरे के दौरान इसमें केंद्र सरकार से जुड़े दो बड़े उपक्रम-भारतीय रेलवे और एन एम डी सी नगरनार स्टील प्लांट-के बीच परिवहन, लॉजिस्टिक्स और राजस्व वृद्धि को लेकर ठोस कार्ययोजना पर मंथन होगा।

सूत्रों के अनुसार, डीआरएम अपने प्रवास के दौरान नगरनार स्टील प्लांट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित शीर्ष प्रबंधन से बैठक करेंगे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से आयातित कोक की ढुलाई को लेकर भी नई रणनीति पर चर्चा होगी। रेल मार्ग से कोक की आपूर्ति में वृद्धि होने से प्लांट के उत्पादन चक्र को और मजबूती मिलेगी, जिससे बस्तर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। यह दौरा इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि रेलवे और इस्पात क्षेत्र के बीच बेहतर तालमेल से बस्तर को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान मिल सकती है।

अपने प्रवास के दौरान डीआरएम जगदलपुर रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन परियोजना के कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। यात्री सुविधाओं, प्लेटफॉर्म विस्तार, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग और आधुनिक सुविधाओं की प्रगति का वे बारीकी से जायजा लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न रेल सेक्शनों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। खासकर रेल सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदमों पर उनका विशेष फोकस रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे।



### डीआरएम प्रवास के प्रमुख एजेंडे

इस दौरे के दौरान डीआरएम और उनके साथ आए वरिष्ठ अधिकारी सबसे पहले नगरनार स्टील प्लांट प्रबंधन के साथ उच्चस्तरीय बैठक करेंगे, जिसमें प्लांट से निकलने वाले क्वाइल के रेल परिवहन को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने की योजना बनाई जाएगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया से आने वाले कोक की सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए रेल रूट,रेक उपलब्धता और समयबद्ध ढुलाई पर चर्चा होगी। साथ ही,अमृत भारत योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता,समयसीमा और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की जाएगी। अंत में विभिन्न रेल सेक्शनों में सुरक्षा व्यवस्था, सिग्नलिंग,ट्रैक मेंटेनेंस और क्रॉसिंग सिस्टम को लेकर रिपोर्ट ली जाएगी,ताकि भविष्य में किसी भी दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

## पीसीसी अध्यक्ष ने डीएमओ से पूछे तीखे सवाल, निरीक्षण की दी खुली चुनौती

# बिरिंगपाल, नियानार व सिवनी संग्रहण केंद्र में 3.5 लाख क्विंटल धान बारिश से खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सुशासन के दावे पर कांग्रेस का प्रहार, कहा- बड़ा भ्रष्टाचार हुआ

धान खरीदी और संग्रहण केंद्रों में किसानों को उनके उपज का सही दाम मिलने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्देश दिया था। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तर पर जांच कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट जिला कमेटी को सौंपा। कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर विष्णुदेव सरकार के सुशासन का दावा खोल कर रख दिया। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में बुधवार को कही। उन्होंने भाजपा प्रदेश सरकार पर नान घोटाले से भी बड़ा भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

श्री बैज ने आरोपों के साथ बिरिंगपाल, नियानार और सिवनी संग्रहण केंद्र से लाए काले पत्थर की तरह ठोस हो चुके खराब धान को भी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला विपरण अधिकारी से कई सवाल किए। धान कैसे खराब हुआ, कितनी मात्रा में खराब हुआ, इसके पीछे जिम्मेदार कौन है, उनके विरुद्ध क्या कारवाई की जा रही है,स्थानीय मिलर्स की बजाए बाहर के मिलर्स को धान का आरओ देकर उनसे फर्जी परिवहन क्यों किया गया। स्थानीय मिलर्स को डिमांड के बाद भी उन्हें आरओ क्यों नही काट धान परिवहन कराया गया। यहां तक कि पीसीसी अध्यक्ष ने डीएमओ को उनके साथ अभी संग्रहण केंद्रों में चल खराब हो चुके धान निरीक्षण की चुनौती दी। पीसीसी अध्यक्ष के एक साथ इतने सवाल सुन डीएमओ की सिटीपिट्टी गुम हो गई और वे कोई सकारात्मक जवाब नहीं देकर, बचने का प्रयास किया

श्री बैज ने पत्रकारों को बताया, प्रदेश समेत बस्तर में हम राज्य सरकार की लापरवाही, 2025 में धान खरीदी में हुई भारी गड़बड़ी का खुलासा करने एकत्र हुए है। उन्होंने दावा करते कहा कि प्रदेश के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में लाखों क्विंटल धान को जानबूझकर बारिश में भिगोकर सड़ा दिया गया। खासकर बस्तर जिले के तीन संग्रहण केंद्र बिरिंगपाल, नियानार और सिवनी संग्रहण केंद्रों में साढ़े तीन लाख क्विंटल धान बारिश से खराब किया गया है। प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण और शहर जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, ⏭ शेष पेज 10 पर



### गीदम वेयर हाउस में 18 करोड़ का खराब चांवल

पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा वे मीडिया रिपॉर्ट के बाद गीदम वेयर हॉउस का निरीक्षण करने पहुंचे थे जहां 18 करोड़ का 30 हजार क्विंटल चांवल पूरी तरह खराब और अनुपयोगी पाया गया। उन्होंने कहा वेयर हाउस का प्रभारी क्वालिटी निरीक्षक जो कुछ दिन पूर्व जगदलपुर वेयर हाउस में खराब धान राशन दुकानों ने सप्लाई करने के आरोप में गीदम स्थानांतरित किया गया। वहीं भ्रष्ट अधिकारी यहां भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया।

### गड़बड़ी की सीबीआई और ईडी से जांच कराए राज्य सरकार

श्री बैज ने कहा कि बस्तर में धान खरीदी, बस्तर तथा दक्षिण बस्तर में खराब और इल्ली और फफूंद लग चुके लाखों क्विंटल खराब चांवल की सीबीआई और ईडी से सरकार जांच करा लें। सरकार में यदि साहस है तो दूध का दूध और पानी का पानी करके दिखाए। यह नान से भी बड़ा घोटाला है।

# बाढ़ से सड़क, पुल, पुलियों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को नहीं दिया फंड



- संभाग में पीडब्ल्यूडी को 26 करोड़ का हुआ नुकसान

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के चार जिलों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन द्वारा लोक निर्माण विभाग को फंड नहीं दिया, जिसके चलते इलाकों में मरम्मत का कार्य नहीं हो सकी है। जिला प्रशासन ने बुनियादी ढांचे की मरम्मत के लिए फंड की स्वीकृति नहीं दी है, जिससे आवाजाही बाधित है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग में अगस्त माह में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं दूसरी ओर बारिश एवं बाढ़ से संभाग के 4 जिले में लगभग 76 मार्ग, 5 पुल पुलिया जर्जर और एक पुल बह गया, जिससे लगभग 26 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें से बस्तर जिले में 29 मार्ग, 4 पुलिया नेतानार-कोलेंग, कस्तूरपाल, ढोढरेपाल-डिलमिली, मुतनपाल, दंतेवाड़ा जिले के 22 मार्ग, पुल पुलिया जर्जर, गीदम-बारसूर का पुल ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नारायणपुर में पति की हैवानियत, डॉक्टरों की तत्परता से बची महिला की जान

**नारायणपुर।** जिले के गढ़बंगाल की 38 वर्षीय महिला को उसके पति द्वारा चाकू से गला रेतने की घटना में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उसे दोपहर लगभग 13 जनवरी को 12 बजे जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया, जहाँ उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों की टीम तुरंत सक्रिय हो गई। डॉ. आदित्य केक्ति, डॉ. हिमांशु सिन्हा, डॉ. डीबी नाग, डॉ. एसएस देवदास और डॉ. उत्तम, साथ ही नर्स राइमा, ओटी तकनीशियन लिंगा और घनश्याम ने मिलकर मरीज को तत्काल ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया। जांच में पाया गया कि मरीज के गले में गहरी चोट लगी थी तथा श्वासनली और अन्य महत्वपूर्ण संरचनाएं कट एवं क्षतिग्रस्त थीं। उसका रक्तचाप काफी कम हो चुका था और वह लगभग बेहोशी एवं मौत की स्थिति में थी। डॉक्टरों की टीम ने तेज़ी और समन्वय के साथ कार्य करते हुए ट्यूब डालकर श्वास मार्ग सुरक्षित किया, गर्दन की क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत की और मरीज को स्थिर किया। टीम के समर्पित प्रयासों से मरीज की जान बचाई जा सकी और उसे नया जीवन मिला।

### शहर के युवाओं को गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव पंकज चन्द्रा (भा.पु.से.) के द्वारा कोंडागांव जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जिले में होने वाले अवैध जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी समेत अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। एसपी महोदय के निर्देशानुसार एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में केशकाल थाना पुलिस के द्वारा लगातार गांजा तस्करो पर कार्यवाही की जा रही थी। इसी तारतम्य में दिनांक 13 जनवरी को केशकाल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की धनंजय पाण्डे अपने घर में अवैध रूप से छोटा छोटा पुडिया बनाकर गांजा बिक्री हेतु छिपा कर रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ ने घेराबंदी कर मकान की तलाशी लेने पर रसोई कमरा में एक केरी बैग थैला के अंदर खुला (लुज) एक पारदर्शी झिल्ली से पैक किया हुआ एक पैकेट व 5 नग छोटे छोटे पेपर से रोल किया हुआ पुडिया कुल वजन 01.710 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

### पाटला में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचाड़ी के आश्रित ग्राम पाटला में युवा संगठन समिति के द्वारा हर वर्ष की तरह सोमवार की रात रात्रिकालीन राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छग राज्य के अलग अलग जिले से बढ़ चढ़ कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और मंच पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम शामिल हुए।

# माकड़ी व घोड़ागांव में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

## विधायक लता उसेंडी ने किया विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के समग्र विकास को गति देने की दिशा में सोमवार को बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत माकड़ी एवं घोड़ागांव में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

ग्राम पंचायत माकड़ी में माता गुड़ी के समीप 5 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं मुख्य मार्ग से मरिपारा पहुँच मार्ग पर 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित 2 मीटर पुलिया का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

**घोड़ागांव में उपस्वास्थ्य केंद्र व सांस्कृतिक कार्यों की शुरुआत :** घोड़ागांव में 34 लाख रुपये की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण का भूमिपूजन किया गया, जो ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त माता मंदिर निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। घोड़ागांव के बड़ेपारा स्थित देवगुड़ी के पास 5 लाख रुपये की लागत से संस्कृति मंच निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।



### ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताः विधायक

इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रें में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संस्कृति एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत कोंडागांव अध्यक्ष अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, सदस्य बाल सिंह बघेल, सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, हितेंद्र झा, झूमक दीवान, संतोष पात्रे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सीसी सड़क निर्माण एवं साइकिल वितरण

घोड़ागांव में रोड से टोडरीपारा होते हुए डेगापारा तक 400 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण के लिए 12 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन किया गया। साथ ही माकड़ी व घोड़ागांव में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें घोड़ागांव के 13 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई।

## शासन की संवेदनशील पहल से साकार हुआ दूरस्थ अंचलों का सपना

# रामलला दर्शन योजना ने आमजन की आस्था को सरकार की संवेदना से जोड़ दिया हैः केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी पहलों में शामिल रामलला दर्शन योजना नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं के लिए आस्था, विश्वास और सौभाग्य की ऐतिहासिक यात्रा बनकर सामने आई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक नारायणपुर जिले से अबतक सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला के भव्य दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए केवल धार्मिक भ्रमण नहीं, बल्कि जीवन भर स्मरण रहने वाली आध्यात्मिक अनुभूति बन गई है।

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर किए भव्य रामलला के दर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा कैबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के मार्गदर्शन में योजना का जिले में प्रभावी, सुव्यवस्थित और संवेदनशील क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि ग्रामीण, वनांचल एवं दूरस्थ अंचलों के श्रद्धालु भी बिना किसी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा के अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सकें। यात्रा के दौरान परिवहन, आवास, भोजन एवं दर्शन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं ने शासन की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता को भी उजागर किया।

पहली बार अयोध्या पहुंचे बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं की आंखों में छलकती श्रद्धा और चेहरे पर झलकता संतोष इस योजना की सफलता का सशक्त प्रमाण है। इस अवसर पर विधायक व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा रामलला दर्शन योजना ने आमजन की आस्था को सरकार की संवेदना से जोड़ा है। दूरस्थ अंचलों से श्रद्धालुओं का अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करना, जनसरोकार से जुड़ी राजनीति की सबसे सुंदर और सार्थक तस्वीर प्रस्तुत करता है।



### सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता सुदृढ़

यह योजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, सनातन परंपरा और सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रही है। नारायणपुर जैसे दूरस्थ जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का रामधाम तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि जब नीति, नीयत और नेतृत्व एक दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो आस्था भी सशक्त आधार पाती है। नारायणपुर से अयोध्या तक यह यात्रा केवल दूरी की नहीं, बल्कि विश्वास, भावनाओं और जनकल्याण के समन्वय की एक ऐतिहासिक और भावपूर्ण गाथा है।

### श्रद्धालुओं ने साझा किए अपने अनुभव

अयोध्या धाम से दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं ने भी अपनी भावनाएं साझा कीं। पूजा कुलदीप ने कहा रामलला के भव्य मंदिर में प्रवेश करते ही मन श्रद्धा से भर गया। ऐसा लगा जैसे वर्षों की प्रतीक्षा आज पूर्ण हो गई हो। नकुल यदु ने अनुभव साझा करते हुए बताया रामलला के दर्शन से जो आत्मिक शांति मिली, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। शासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के अनुकूल रहीं। वहीं मनीषा तेता ने भावुक स्वर में कहा वनांचल क्षेत्र से आने वाले हम जैसे साधारण लोगों के लिए अयोध्या पहुंचना कभी सपना था। रामलला दर्शन योजना ने इस सपने को साकार कर दिया। यह हमारे जीवन की सबसे पवित्र और यादगार यात्रा बन गई। तीनों श्रद्धालुओं सहित दर्शन कर लौटे अन्य यात्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने आमजन की आस्था को सम्मान दिया है और सरकार को सीधे जनता से जोड़ने का कार्य किया है।

# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष का नगर में भव्य स्वागत



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कृणाल सिंह ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़काम का बुधवार को प्रथम नगर आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा समर्थकों द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जैसे ही नेता नगर में पहुंचे, युवाओं ने फूल-मालाओं, आतिशबाजी एवं जोरदार नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़कम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में युवा मोर्चा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी ने संगठन के प्रति एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान में फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशल सावरकर, वीरेंद्र बघेल, फरसगांव मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव , उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, बड़ेडोगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, रामकुमार कोर्राम, केशकाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, टीकम कोठारी, जसवंत नेताम, दिनेश नेताम, राकेश यादव, कपूर बैध सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धनोरा में डीसीएल का आगाज, क्रिकेट रोमांच से गूंजा बाजार पारा मैदान

**धनोरा।** धनोरा के बाजार पारा स्थित क्रिकेट मैदान में आज से 10 दिवसीय धनोरा चैंपियंस लीग (डीसीएल) का भव्य आगाज हो गया है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर आयोजित की जा रही है, जिसमें क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ खेल प्रेमियों के लिए भरपूर रोमांच का वादा किया गया है। धनोरा में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

धनोरा प्रीमियर लीग में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें कुल 12 टीम मालिकों ने मिलकर आठ टीमों को खरीदा। नीलामी के बाद बनी टीमों में प्रधान इलेक्ट्रॉनिक एवं श्रवण मोबाइल की ऑरेंज आर्मी, शेखर जैन की वी एस कंस्ट्रक्शन, चेतन साहू की पेन किलर, नकलेश नाग की ट्रिपल वॉरियर्स, वल्ली इंटरप्राइजेस की पावर हीटर, मिथिलेश ठाकुर की गुंजन एग्रो स्ट्राइकर्स, विन्नी कुलदीप और के के मोबाइल्स की संयुक्त टीम धुरंधर, तथा मनोज, संदीप और महेश की टीम एम एस एम वॉरियर्स शामिल हैं। सभी टीमें मजबूत खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेंगी, जिससे मुकाबले काफी रोचक होने की उम्मीद है।



### इनकी भूमिका अहम

इस आयोजन में अरुण यादव, मुकेश पांडे, विजय बघेल, मोनू प्रधान, देवेंद्र कोमरा, पप्पू नाग,हरीश पांडे,हर्ष यादव,राजेश यादव और विकास नेताम की अहम भूमिका रही है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि यह प्रतियोगिता भविष्य में धनोरा की पहचान एक खेलप्रेमी क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगी।

# ललिता भारद्वाज बनी बंजारा समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

**फरसगांव।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष टी.सी. राठौर के निर्देश एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सदाशिव राम नायक के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक द्वारा ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ प्रदेश के विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारियो का घोषणा किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ललिता भारद्वाज पति नरेंद्र भारद्वाज निवासी फ़रसगाव को बनाया गया है।



ललिता भारद्वाज इसके पहले ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए समाज के प्रति सक्रिय भूमिका निभाते हुए जागरूक कार्य किया है। जिसमें परिणाम स्वरूप उन्हें अखिल बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा उन्हें महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह सम्पूर्ण जानकारी प्रदेश मिडिया प्रभारी रामकुमार भारद्वाज ने दी है।

ललिता भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सभी पदाधिकारियों और समाज का आभार माना। उन्होंने कहा कि महिलाओं का योगदान सभी क्षेत्रों में सर्वोपरि है, वे परिवार से लेकर समाज को आगे बढ़ाने में निश्वार्थ भाव से कार्य करती हैं। महिलाओं की एकता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। ललिता भारद्वाज ने यह भी कहा कि जल्द ही छत्तीसगढ़ बंजारा समाज महिला प्रकोष्ठ का नया गठन किया जाएगा जिसमे सभी पदों के पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जिससे महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# केशकाल में पुलिस का साइबर जागरुकता अभियान ग्रामीणों को बताए सुरक्षित रहने के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव श्री पंकज चन्द्रा (भापुसे) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना केशकाल पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध यातायात नियम, नशामुक्ति एवं विशेष तौर पर सायबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए थाना केशकाल के पुलिस सहायता कुएमारी क्षेत्र में लगातार सायबार जागरूकता अभियान चलाई रही है।

- नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध व नशामुक्ति पर दिया गया प्रशिक्षण
- स्कूल परिसर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



इसी परिपेक्ष्य में 14 जनवरी को कुदालवाही में निरीक्षक विकास बघेल द्वारा स्कूल में उपस्थित ग्रामपंचायत कुएमारी के सरपंच, ग्राम पंचायत कुदालवाही के सरपंच नरसिंग, आगनबाड़ी सहायिका, ग्राम मितानिन व सभी ग्राम वासी को सायबर अपराध खुद को बचाने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध व यातायात नियमों का पालन करने, भारत सरकार द्वारा लागू किये गये तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में एवं नशामुक्ति के तहत नशीली दवाओं के खतरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी सहा उप निरीक्षक गोपाल सिंह ठाकुर व अन्य पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

## मंच से मिला राष्ट्रबोध, संस्कार और नेतृत्व का संदेश

# बच्चों ने जीवंत किया नेताजी व स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

बेनर्जी पैलेस द्वारा आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, संस्कार और आत्मविश्वास से ओत-प्रोत नई पीढ़ी के निर्माण का सशक्त संदेश बनकर उभरा,प्रतियोगिता में 147 बच्चों ने उत्साह, अनुशासन और ओजस्वी भाव-भंगिमाओं के साथ सहभागिता करते हुए मंच को जीवंत कर दिया। बाल कलाकारों ने सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और व्यक्तित्व को जिस आत्मीयता से प्रस्तुत किया, उसने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक मंडावी कक्षा 5, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ, द्वितीय स्थान मेघा रावटे बाल वाटिका/नर्सरी, केंद्रीय विद्यालय,तृतीय स्थान अक्षिता वर्मा कक्षा 2, केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर वीरेंद्र बहादुर पंच भाई तथा नारायणपुर एसडीएम अभयजीत मंडावी ने बच्चों के प्रदर्शन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रबोध, आत्मसम्मान और नेतृत्व के संस्कार रोपित करते हैं, जो आगे चलकर सशक्त भारत का आधार बनते हैं।




### आने वाली पीढ़ी विचारवान, निर्भीक और देशभक्त बनेः अभिषेक

आयोजक अभिषेक बेनर्जी, ऑनर बेनर्जी पैलेस ने कहा कि बच्चों का यह उत्साह और आत्मविश्वास ही हमारे प्रयासों की सबसे बड़ी सफलता है हम सभी प्रतिभागी बच्चों के उज्ज्वल, संस्कारवान और राष्ट्रनिर्माता भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी विचारवान, निर्भीक और देशभक्त बने।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

निष्पक्ष और विद्वत निर्णायक मंडल में बृजेश्वरी रावटे प्राचार्य, माध्यमिक विद्यालय बांग्लापारा,रत्ना नशीने प्राचार्य, कृषि महाविद्यालय,विवेक कुमार गुप्ता उप-प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय,स्वामी अलिप्ती आत्मानंद महाराज एवं स्वामी वशुदानंदन महाराज रामकृष्ण मिशन ने अपनी विद्वत, संतुलित और प्रेरक भूमिका निभाई।कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन नारायण साहू एवं गरिमा कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम संचालन में स्वरूप कुमार हरि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आयोजन को सुव्यवस्थित और स्मरणीय बनाया।

## पेज 9 के शेष

### बारसूर, मुचनार बने...

पर्यटकों के लिए एक विशेष अनुभव बन रहा है। प्रशासन द्वारा पर्यटन सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है, जिससे पर्यटक बिना किसी असुविधा के बारसूर और मुचनार की यात्रा कर सकें। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि दंतेवाड़ा को एडवेंचर, नेचर और कल्चरल टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। बारसूर, मुचनार आज उन पर्यटकों के लिए आदर्श स्थल बनते जा रहे हैं, जो रोमांच, शांति और आध्यात्मिक अनुभूति को एक साथ अनुभव करना चाहते हैं। अतुल्य दंतेवाड़ा के तहत यह क्षेत्र पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### बिरिंगपाल, नियानार व सिवनी संग्रहण...

सुशील मोर्य, धान जांच कमेटी के जिला संयोजक वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ल, पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, चंदन कश्यप, निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कविता साहू व अन्य उपस्थित थे। अब उसी खराब धान को स्थानीय मिलर्स को दबावपूर्वक आरओ काट सौंपा जा रहा है। मिलर्स को यह भी कहा जा रहा है कि पहले खराब धान को खपाओ उसके बाद इस वर्ष का नया धान दिया जाएगा। पीसीसी अध्यक्ष बैज ने बताया नियानार संग्रहण केंद्र में जहां 4 लाख 77 हजार क्विंटल धान का आवक हुआ,जबकि जावक 3 लाख 31 हजार क्विंटल का उठाव हुआ। 1 लाख 40 हजार क्विंटल का उठाव ही नहीं हुआ। इस तरह नियानार संग्रहण केंद्र में 1 लाख 40 हजार क्विंटल धान पूरी तरह से सड़कर नष्ट हो गया। इसी क्रम में बिरिंगपाल केंद्र में 4 लाख 52 हजार क्विंटल धान का आवक हुआ, जिसमें 3 लाख 75 हजार क्विंटल का उठाव हुआ, शेष 75 हजार क्विंटल को सड़ने के लिए उसी हाल में छोड़ दिया गया। जबकि बिरिंगपाल संग्रहण केंद्र 2024 में 25 हजार क्विंटल धान पहले ही खराब हो चुका था। सरकार खराब धान को राइट अप कर दिया। इसी क्रम में बस्तर ब्लाक के नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के सिवनी संग्रहण केंद्र 1 लाख क्विंटल धान सड़कर अनुपयोगी हो चुका है। श्री बैज का दावा है कि गत वर्ष शासन-प्रशासन द्वारा बस्तर के स्थानीय मिलर्स को धान परिवहन कार्य से जानबूझकर वंचित रखा गया। चूंकि लाखों क्विंटल धान को ठिकाने लगाने चूहे के नाम से सुनियोजित भ्रष्टाचार किया गया। मिलर्स को 2025 में धान परिवहन के लिए मांग के बाद भी बस्तर के मिलर्स को धान नही दिया गया। जबकि धमतरी, रायपुर, महासमुंद के मिलर्स को धान परिवहन के नाम से आरओ दिया गया। बाहर के मिलर्स भी धान का परिवहन नहीं कर स्थानीय मिलर्स को बेच दिए।

### बाढ़ से सड़क, पुल, पुलियों...

बह गया। सुकमा जिले के 14 मार्ग, पुल पुलिया, बीजापुर जिले के 7 मार्ग जर्जर हुए। इसी तरह कुछ मार्गों के पटली एवं पुल पुलिया के पहुंच मार्ग बारिश से कट गए, जिससे लोगों आवागमन बंद हो गया। इस तरह से बारिश के कारण सड़कें बह गई हैं, पुलिया टूट चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी के सड़क, सेतु और राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपयंत्री टीम के साथ स्थल में पहुंचकर जर्जर, पटली एवं पुल, पुलिया के कटे पहुंचमार्ग को लोगों को आवागमन करने के लिए सुधारा गया है। साथ ही सभी जिलों के लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जिला प्रशासन को सितंबर माह में ही आपदा बाढ़ के नुकसान का प्रस्ताव भेजा, लेकिन सातों जिलों के जिला प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को फंड नहीं दिया। लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि बस्तर संभाग के सातों जिलों के पीडब्ल्यूडी कार्यपालन अभियंता ने आपदा बाढ़ से सड़क, पुल, पुलियों की जानकारी जिला प्रशासन को दी है।

**खबर संक्षेप**

## कोलचूर में एसआईआर कार्य का सत्यापन जारी



**घाटलोहंगा/भोंड।** बस्तर विकास खण्ड अतर्गत ग्राम पंचायत कोलचूर में चल रहे एसआईआर कार्य के अंतर्गत दोनों बूथ सीकेटी गिरी के कुल 79 मतदाताओं के फॉर्म का कलेक्शन पूर्ण कर लिया गया है। एकत्रित फॉर्मों का सत्यापन नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ तरूण पाल लहरे द्वारा किया जा रहा है।
इस दौरान भाग संख्या 124 एवं 125 के दोनों बूथ केंद्रों पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। सत्यापन कार्य में बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ राम प्रसाद नागेश एवं कमला प्रसाद बैगा तथा सुपरवाइजर आयतु राम पाढ़े उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा एसआईआर कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सतत निगरानी की जा रही है, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।

## आसमती को मिला पक्का घर



**गीदम।** जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत बड़ेपनेड़ा की निवासी आसमती सोमारू, जो खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं, वर्षों से कच्चे घर में रहने की मजबूरी झेल रही थीं। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए एक अप्राप्त सपना था।
बरसात के दिनों में टपकती छत और कमजोर दीवारों के बीच जीवन व्यतीत करते हुए आसमती को कभी नहीं लगा था कि उनके हिस्से भी एक सुरक्षित और टिकाऊ घर आएगा। लेकिन वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता सूची में नाम जुड़ते ही आसमती के जीवन में नई उम्मीदों का उजाला आया। आवास स्वीकृत होने के साथ ही उन्हें निर्माण के लिए आवश्यक राशि तथा मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे बैंक खाते में प्रदान की गई।

# छात्र-छात्राओं को किया सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अरुणोदय विद्यालय दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में 13 जनवरी को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमों का पालन करे तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणाम समझाए। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा यातायात संकेतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल एवं व्यावहारिक भाषा में किया गया। यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार तथा समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में यातायात शाखा दंतेवाड़ा से यातायात प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार राठौर, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी, यातायात पुलिस दंतेवाड़ा स्टाफ, विद्यालय स्टाफ एवं लगभग 400 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### महात्मा गांधी के नाम से भाजपा का द्वेष उजागर

# मनरेगा को खत्म कर काम के अधिकार पर हमला: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड के द्वारा ग्राम पंचायत बजावंड में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस की अनुशंसा पर आयोजित हुआ, जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से संचालित योजना को समाप्त करने की कोशिश कर भाजपा ने एक बार फिर गांधी के प्रति अपना द्वेष उजागर कर दिया है। मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि देश के करोड़ों गरीब मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है, जिसे खत्म करने की साजिश केंद्र सरकार कर रही है।

■ शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा और शहरी क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ेगा

बघेल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना लागू कर गरीबों को काम का अधिकार दिया था, लेकिन आज भाजपा सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को खुश करने के लिए इस योजना को कमजोर कर रही है मनरेगा के बहाने केंद्र सरकार काम के अधिकार को ही समाप्त करना चाहती है। बस्तर विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को खत्म कर दिया है।

अब केंद्र की मर्जी से चुनिंदा राज्यों और जिलों में ही काम दिया जाएगा इसके साथ ही राज्यों को मिलने वाली राशि में कटौती कर दी गई है और अब 40 प्रतिशत राशि राज्यों को स्वयं वहन करनी पड़ेगी इससे पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे राज्यों की कमर टूट जाएगी। बस्तर जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि मनरेगा योजना को सीएजी समेत लगभग 200 से अधिक रिपोर्टों में बेहतरीन योजना बताया गया है कोविड-19 महामारी के दौरान यह योजना देश के गरीब मजदूरों के लिए जीवन रेखा साबित हुई थी इस योजना की सफलता ने केंद्र सरकार के दुष्प्रचार की पोल खोल दी है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी काम के अधिकार के साथ-साथ पंचायतों की शक्ति बहाली की मांग कर रही है तथा मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग भी कर रही है उन्होंने मनरेगा बचाओ संग्राम की चार प्रमुख मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि यह योजना समाप्त होती है तो ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा और शहरी क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मनरेगा बचाओ संग्राम के अन्य बिंदुओं से भी ग्रामीणों को अवगत कराया और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस दौरान मौजूद रहे ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाईं, ब्लॉक प्रभारी हेमराज बघेल, आयतु राम भारती, जगमोहन बघेल, तुलाराम सेठिया, जानकी राम भारती, वीरेंद्र सेठिया, रियाज खान, मोहन झाली, नारायण बघेल, भगवान भारती, कार्तिक बघेल, सुरेश बघेल, निर्मला कश्यप, पुरन गोयल, गुड्डू, अनश खान, कृपालु कश्यप, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसी राम ठाकुर,बल्लु बघेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### श्वेत क्रांति पर अंधेरे का ग्रहण

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा क्षीर सागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

जिला मुख्यालय स्थित 'क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति' आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जिस संस्थान को जिले के गौ-पालकों की समृद्धि का आधार होना चाहिए था, वह आज बिजली विभाग की कैंची और प्रशासनिक उदासीनता के कारण 'अंधेरे' में डूब गया है।

- ■ पूर्व संचालक की देनदारी के चलते बिजली विभाग ने काटा कनेक्शन
- ■ गौ पालक किसान कलेक्टर कार्यालय के सामने दूध क्रय नहीं होने के चलते सड़को पर फेंकेंगे दूध

ताजा घटनाक्रम के अनुसार, बिजली विभाग ने मिल्क प्लांट का कनेक्शन काट दिया है। जिसका मुख्य कारण पूर्व प्रबंधक गणेश यादव के कार्यकाल का बकाया बिजली बिल, जिसे पशु विभाग अब तक पृथक नहीं कर पाया है। वर्तमान संचालक मंडल द्वारा

पिछले एक साल से उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा दंतेवाड़ा से इस गम्भीर विषय पर पत्राचार करता आ रहा है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। वही प्रशासन की लापरवाही, किसानों पर भारी पड़ रही है मिल्क प्लांट की बिजली कटने का सीधा मतलब है की संस्था की बर्बादी चूंकि प्लांट में रखा दूध, पनीर, खोवा और अन्य खाद्य सामग्री बिजली कट जाने के चलते अब सड़ने की कगार पर है। जिससे संस्था को लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा है, लेकिन सवाल यह है कि इस लापरवाही का खामियाजा गरीब किसान और संस्था क्यों भुगते, इस बर्बादी का कारण पशु विभाग है जिसके उदासीनता ओर लापरवाही के चलते आज जिले के किसानों के सामने संकट के बादल तब छा गए जब क्षीर सागर समिति द्वारा बिजली कट होने के चलते प्लांट बंद की स्थिति में बुधवार शाम से किसानों का दूध क्रय करने में अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी। तथा किसानों को इसकी सूचना भी समिति द्वारा दी गई। इसके बाद दुग्ध व्यवसाय से जुड़े किसानों में भयानक आक्रोश दिखाई दे रहा है।

किसानों के सामने गौवंश को पालने के साथ जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। गौ पालक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया की कल क्षीर सागर दुग्ध लेकर पहुंचने वाले किसानों का दूध क्रय नहीं हुआ तो कलेक्टर कार्यालय के सामने दूध की नदिया बहेगी। शर्मा ने कहा की जब जिले के जवाब देह संवाद की भाषा भूल जाए तो किसानों का आक्रोश फूटना लाजमी है मिल्क प्लांट बंद होने से गौ पालक सड़क पर आ गए है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल बिजली बहाल नहीं की गई और इस समस्या का समाधान नहीं निकला, तो कल से वे अपना दूध कलेक्टर कार्यालय के सामने सड़क पर फेंककर प्रदर्शन करेंगे।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी संघ मिला अधिकारियों से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी कार्यालय कर्मचारी संघ के द्वारा बस्तर संभाग के कर्मचारियों की लंबित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पावर कंपनी अध्यक्ष रोहित यादव, प्रबंध निदेशक वितरण भीम सिंह कंवर, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अभियंता मानव संसाधन वितरण कंपनी और एम के परियल सर मुख्य अभियंता मानव संसाधन ट्रांसमिशन कंपनी 8 मांगों पर ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में गगन राज हिरवानी अध्यक्ष, धर्मेन्द्र देवांगन महामंत्री, योगेंद्र कश्यप कोषाध्यक्ष, पवन साहू और ललित यादव शामिल थे। विभिन्न अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में पदोन्नति और स्थानांतरण में विसंगति को दूर करने, पूरे प्रदेश में केंद्रीय कृत वरिष्ठता सूची लागू करने, नई नियुक्ति पर लगी रोग को हटाकर रिक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर के 44 पदों पर भारती की जाए, 3 प्रतिशत विशेष प्रोत्साहन भत्ता कार्यालय कर्मचारी को, राज्य सरकार की लिखित सहमति के बावजूद पुराने पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है जिसे लागू किया जाए, उप संभाग स्तर पर अनुभाग अधिकारी के नए पद सृजित किए जाएं बस्तर संभाग संभाग में क्षेत्रवार वरिष्ठता लागू किया जाए साथ ही मुख्यालय के महत्वपूर्ण पदों पर योग्य कर्मचारी कर्मचारियों को भी आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया जाए, अनुकंपा पर नियुक्त कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाए, आठवां वेतनमान के लिए बिजली कंपनी में बिना किसी विलंब के वेग कमेटी का गठन की मांग की गई है।



## स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं को रोजगार से जोड़ने प्रशासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एवं प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्रामीण स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं बालिकाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। माँ दंतेश्वरी महिला संकुल संगठन, बालूद के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के परिवारों की शिक्षित बालिकाओं में से 08 बालिकाओं का चयन गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार हेतु किया गया है। इस पहल से संबंधित परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की अपेक्षा है तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। चयनित बालिकाओं को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बेंगलूरु स्थित मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में असेंबली ऑपरेटर पद पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ उन्हें 19,800 रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इस रोजगार हेतु सभी चयनित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों की सहमति प्राप्त की गई है। संकुल संगठन द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं समन्वय में निरंतर सहयोग दिया जा रहा है।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा से कांग्रेसियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्टा



सुकमा जिला में बीते लम्बे इंतेजार के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नवनियुक्त की घोषणा कर दी गई है। जिसके चलते सुकमा जिला के संपूर्ण ब्लॉकों के कांग्रेस कार्यकार्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

कांग्रेस कार्यकर्ता ने मुख्य चौक चौराहे पर आतिशबाजी कर नारे लगाए। ज्ञात हो कि जिला अध्यक्षों की घोषणा के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा बची हुई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुकमा जिला में सुधीजनों एवं कर्मठ पार्टी नेताओं को यह जवाबदारी दी है। कोंटा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इस 90 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लिए जिला अध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका कार्यनिष्टा अहम मानी जाती है। बीते लम्बे समय से यह सुकमा जिला का कोंटा विधानसभा कांग्रेस के पास है।

■ कोण्टा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाए गए सैय्यद उस्मान अली

राज्य विभाजित के पंद्रह साल भाजपा की सत्ता तथा वर्तमान में चौथी पारी पर काबिज भाजपा की सत्ता इस विधानसभा में अपना कब्जा नही जमा पाई है। कोण्टा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद उस्मान अली को दायित्व दिया गया है।

वहीं दोरनापाल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माड़वी देवा जगरगुंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से सुरेश पोंदी तथा सुकमा नगर से मोहम्मद हुसैन छिंदगढ़ से लखमाराम नाग सुकमा ब्लॉक से धर्मेंद्र चौहान को जवाबदारी दी गई है।

# 374 छात्राओं को साइकिल व स्कूलों को 5 स्मार्ट टीवी दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल के करकमलों से कुल 374 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने की दिशा में 5 स्मार्ट टीवी भी विभिन्न विद्यालयों को प्रदान किए गए, जिससे बच्चों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को सायकल प्रदान की गई।

इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धाराऊर में 16 सायकल, शासकीय विद्यालय चित्रकोट में 78 सायकल, शासकीय विद्यालय बड़ाजी में 35 सायकल, शासकीय विद्यालय लोहण्डीगुड़ा में 37 सायकल, शासकीय विद्यालय ककनार में 4 सायकल, शासकीय विद्यालय कुम्हली में 13 सायकल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 374 सायकल का वितरण किया गया। सायकल पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना और विद्यालय तक आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से बच्चों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, समय की बचत होगी और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी। विधायक ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विधायक ने आगे कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बच्चों को डिजिटल शिक्षा, ऑडियो-विजुअल माध्यम और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का लाभ मिल सके। स्मार्ट टीवी के माध्यम से विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा सकेगा, जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी शासन की इस योजना की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण अंचलों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, बाबुल नाग, नरेश खापड़े, भरत कश्यप, सावेन्द्र सेठिया, अजय बघेल, उमेन्द्र ठाकुर, लखन ठाकुर गुड्डू कश्यप सुदरू सेठिया मांझीराम ठाकुर, राजूराम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, बीईओ शालिनी तिवारी, बीआरसी पिलाराम सिन्हा, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./202512151000131/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निलेन्द्री कश्यप पिता नड़गा कश्यप उम्र 23 जाति मुरिया ग्राम गढ़िया तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदिका अपनी स्वंय का शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदिका अपनी स्वंय निलेन्द्री कश्यप पिता नड़गा कश्यप का जन्म दिनांक 01/04/2002 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 19/01/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत गढ़िया के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 05/01/2026

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## खबर संक्षेप



### विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री से किया मुलाकात

**दुर्गूकोंदल।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र कि विधायक सावित्री मनोज मंडावी 14 जनवरी को भिलाई स्थित निवास पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि भूपेश बघेल का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक रहा है।

### अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने दुर्गेश

**अंतागढ़।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से ब्लॉक अध्यक्षों की सूची अटकी पड़ी हुई थी। सभी ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अपनी अपनी दावेदारी पेश की थी और सूची का आने का इतंजार कर रहे थे, किंतु बड़े अंतराल के बाद अंततः छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉकों के 307 अध्यक्षों की नाम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए दुर्गेश ठाकुर का नाम सूची में जारी किया है।

### रजत महोत्सव के तहत आज जिला स्तरीय किसान मेला

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कांकेर में एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से एमजी वार्ड स्थित न्यू कम्यूनिटी हॉल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम, विशिष्ट अतिथियों में विधायक विक्रम उसेण्डी, विधायक सावित्री मंडावी, भरत मटियारा, शालिनी, अरूण कौशिक और जिला पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मानस गान महोत्सव का आयोजन 17 से

**सरोना।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तीन दिवसीय स्वर मानस गान महोत्सव का आयोजन तहसील सरोना के ग्राम भिरौद में किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 17 जनवरी शनिवार से प्रारंभ होकर 19 जनवरी सोमवार तक चलेगा।

### शक्ति चेतना जन जागरण योग साधना शिविर 22 से

**भानुप्रतापपुर।** सिद्ध आश्रम स्थापना दिवस पर्व श्री शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा अधर्म के नाश व सत्यधर्म की स्थापना तथा माता भगवती श्री दुर्गा की दिव्य चेतना को जन-जन मे जाग्रत करने व नशे मांसाहार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान परोपकारी एवं पुरुषाथी समाज के निर्माण के लक्ष्य को लेकर विश्वअध्यात्म की धर्मधुरी के रूप में स्थापित अलौकिक साधनास्थली, तपोभूमि पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के स्थापना दिवस के पावन पर्व पर 22 व 23 जनवरी को द्वि दिवसीय शक्ति चेतना जन जागरण योग साधना शिविर का विशाल आयोजन किया जा रहा है।

# प्रकृति, संस्कृति में हुई चित्रकला व पतंग उड़ाओ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर वन विभाग ने मकर संक्रांति पर लामनी पार्क में चित्र-विचित्र संस्था के सहयोग से प्रकृति और संस्कृति पर केंद्रित चित्रकला एवं पतंग उड़ाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की। इसका उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें स्कूली छात्रों ने प्रकृति वन एवं पर्यावरण विषय पर चित्रकारी की और पतंगें उड़ाईं। जिसमें वरिष्ठ वर्ग के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार भी थे, जिससे पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला। पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करने का एक अनूठा मंच प्रदान किया गया। रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान भरा, जो उत्सव और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक था। चित्रकला एवं पतंग उड़ाओं स्पर्धा में लगभग 1000 प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम में वन विभाग के सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर आदि शामिल रहे।

**खास बातें**

- रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान भरा, उत्सव और सांस्कृतिक जुड़ाव का था प्रतीक
- मकर संक्रांति पर्व पर लामनी में बच्चों में दिखा उत्साह

## पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक जुड़ाव को मिला बढ़ावा







### रंग-बिरंगी पतंगों से दिया खुशनुमा संदेश

लामनी के एडवेंचर पार्क के आसमान में बुधवार को रंगबिरंगी पतंगों से इठला उठा। पतंगबाजों का उत्साह, जोश और हुनर देखकर प्रकृति भी खुशनुमा संदेश लाई। उधर ढील दे, वो काटा, इधर घुमा, की आवाजें गूंजती रही। पतंग उड़ाओं स्पर्धा में बच्चों और युवाओं ने पतंगें उड़ाई। छात्राओं, बच्चों ने चली-चली रे पतंग मेरी, उड़ी-उड़ी जाए देखो पतंग, की आवाज होती रही।

## मकर संक्रांति पर दंतेश्वरी मंदिर से सूर्य मंदिर तक विशेष पूजा

# मंदिरों में गूंजे वैदिक मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज बस्तर अंचल पूरी तरह आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक चेतना से सराबोर नजर आया। सूर्यदेव के दक्षिणायन से उत्तरायण होने के शुभ संयोग पर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और हवन का आयोजन किया गया। दंतेश्वरी मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, टेकरी वाले हनुमान मंदिर, प्रतापदेव स्थित शिवालय, सीताराम मंदिर सहित अनेक मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

- भंडारा, आराधना और दान-पुण्य के बीच श्रद्धा और सौहार्द का अनुपम संगम



सन सिटी स्थित सूर्य मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा सम्पन्न हुई और भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। तेलुगु समाज ने इस अवसर पर अपने पितरों का स्मरण करते हुए तर्पण और श्राद्ध कर्म किया। वहीं पंजाबी समाज ने लोहड़ी पर्व को उत्साह के साथ मनाया। पारंपरिक रूप से लकड़ियों का ढेर जलाकर अग्नि के समक्ष नव फसल अर्पित की गई और नई पोशाकों में सजी महिलाओं ने पर्व की रौनक बढ़ा दी। शहर में सामाजिक समरसता का दृश्य भी देखने को मिला। अग्रसेन समाज द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के समीप तथा 360 घर आरयनायक ब्राह्मण समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर के सामने सार्वजनिक भंडारे आयोजित किए गए। एनएमडीसी चौक स्थित शिव मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुआ और अनेक स्थानों पर अन्नदान किया गया।

आचार्य पंडित रोमित राज त्रिपाठी ने बताया मकर संक्रांति को शास्त्रों में विशेष पुण्यकाल माना गया है। यह वह दिन है जब सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होते हैं। इसे देवताओं का दिन और शुभ कर्मों की शुरुआत का प्रतीक माना गया है। इस काल में किया गया दान,स्नान,जप और तप अक्षय फल प्रदान करता है। मान्यता है कि उत्तरायण काल में किए गए पुण्य कर्म सीधे देव लोक तक पहुँचते हैं। इस दिन तिल,गुड़, खिचड़ी और घी का दान विशेष फलदायी होता है। साथ ही पितृ तर्पण करने से पूर्वजों को शांति और संतोष की प्राप्ति होती है। आज के दिन स्नान दान से शुभ लाभ दाई होता है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत वाद विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में भांसी गीदम स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी ) कार्यक्रम के अंतर्गत वाद, विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में मतदाता जागरूकता बढ़ाना, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करना तथा मतदान के महत्व को रेखांकित करना रहा। वाद, विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने "लोकतंत्र में मतदान की भूमिका", "युवाओं की भागीदारी और सशक्त लोकतंत्र" जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। वहीं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने मतदान जागरूकता, निष्पक्ष चुनाव और मतदाता अधिकारों से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप में उकेरा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं संस्थान के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आगामी चुनावों में निर्भीक होकर मतदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीआई प्रबंधन, स्वीप टीम के सदस्य, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बस्तर की बेटी ने हैदराबाद में लहराया हिन्दी का परचम

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

हैदराबाद में 10 जनवरी को आयोजित विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर त्रिभाषा सम्मेलन ने भारतीय भाषाई संस्कृति का भव्य और आत्मीय स्वरूप प्रस्तुत किया। संस्कृत, तेलुगु और हिन्दी के इस ऐतिहासिक संगम में जब बस्तर की आवाज़ गूंजी, तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। यह केवल एक प्रस्तुति नहीं थी, बल्कि उस माटी का सम्मान था, जो छोटे क्षेत्र से निकलकर बड़े मंचों पर अपनी पहचान बनाती है।

- विश्व हिन्दी दिवस पर त्रिभाषा सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की गौरवपूर्ण उपस्थिति



इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देशभर से नामचीन साहित्यकार, भाषा-विशेषज्ञ और चिंतक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में हिन्दी को अधिकाधिक क्षेत्रों में अपनाने, सरकारी व सामाजिक कामकाज में इसके व्यापक उपयोग और हिन्दी को राष्ट्रभाषा का विधिवत दर्जा दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है,जो विविधताओं को जोड़कर एकता का सेतु बनाती है।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रभावशाली क्षण तब आया, जब बस्तर, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) से पहुंची हिन्दी साधिका अंजली तिवारी मिश्रा ने अपनी स्वर-लहरियों से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कविता और भजन तोरा मन दर्पण कहलाए,मोरा हिन्दी सबको भाये,सबको एक बनायें,सबके दिलों में राज करें, किसी से ना भेदभाव कराये इन पंक्तियों ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया। प्रस्तुति के समापन पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हर चेहरे पर भावनाओं की छाया थी और हर दिल में हिन्दी के लिए नया सम्मान।

महानगरों से आए दिग्गज साहित्यकारों के बीच खड़े होकर अपनी कला को निर्भीकता,गर्व और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करना, किसी साधारण उपलब्धि का संकेत नहीं था। यह उस संघर्ष, साधना और संकल्प का परिणाम था,जो हर कदम पर चुनौतियों से लड़कर आगे बढ़ता है। यह प्रस्तुति केवल एक व्यक्ति की नहीं,बल्कि पूरे बस्तर अंचल की पहचान थी,एक ऐसा क्षेत्र,जिसकी प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय मंचों पर अपने नाम की रोशनी बिखेर रही हैं। यह सिद्ध हो गया कि ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए पहले संघर्ष की सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं, और जब संकल्प सच्चा हो, तो ईश्वर का आशीर्वाद स्वतः साथ चलता है। इस ऐतिहासिक त्रिभाषा सम्मेलन में बस्तर का गौरव बढ़ाने वाली यह प्रेरणादायी प्रस्तुति दी अंजली तिवारी मिश्रा ने।

# सभी जिलाध्यक्ष 20 जनवरी तक अपने-अपने संगठन का विस्तार पूर्ण करें : सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी के बस्तर संभाग प्रभारी हेमराज सोनी ने बस्तर संभाग के सातों जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर एवं बस्तर (जगदलपुर) के जिलाध्यक्षों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी जिलाध्यक्ष 20 जनवरी तक अपने-अपने संगठन का विस्तार पूर्ण करें तथा जिले का सोशल मीडिया समूह गठित कर संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के निर्देशित कार्यक्रमों को मंडल स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं।

- कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बस्तर संभाग की संगठनात्मक बैठक, 2028 के लक्ष्य पर फोकस



बैठक में हेमराज सोनी ने कहा कि बस्तर में निवासरत सभी पिछड़ी जातियों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए भाजपा को और अधिक मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस सशक्तिकरण के माध्यम से वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में बस्तर की 12 की 12 विधानसभा सीटों एवं लोकसभा की दोनों सीटों पर भाजपा का परचम लहराने का संकल्प लिया जाए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पिछड़ी जातियों से लगभग छह मंत्री प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो सामाजिक समावेशन का उदाहरण है। वहीं केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछड़ी जातियों को संवैधानिक दर्जा दिया है और लगभग 12 केंद्रीय मंत्री पिछड़ी जाति से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके साथ ही बस्तर में पिछड़ी जातियों को पंचायत एवं नगरीय प्रशासन में भी प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है और आने वाले समय में उन्हें और भी लाभ मिलने वाले हैं।

बैठक में सभी जिलाध्यक्षों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। हेमराज सोनी ने आगामी जनवरी 2027 में बिलासपुर में एक लाख पिछड़ी जाति सम्मेलन आयोजित करने के लक्ष्य को सामने रखते हुए कहा कि इसी सत्र से बूथ स्तर पर प्रवास कर समाज के प्रभावशाली एवं प्रतिष्ठित लोगों से संपर्क कर पार्टी की विचारधारा से जोड़ना होगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को सेवा, समर्पण और निष्ठा के साथ जुटना पड़ेगा। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दीवान (जिला पंचायत सदस्य, बस्तर), प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भूपेश चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक साव, बीजापुर से शंकर, कोंडागांव से देवांगन, कांकेर से अरविंद जैन एवं बस्तर से सेठिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।







# सुरों का महासंग्राम, सप्त सूरम लेगा इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुरीली आवाज़ को मंच देने के उद्देश्य से सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा जगदलपुर में तिनक धिन धा कराओके सिंगिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का ऑडिशन 17 जनवरी प्रातः 10.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित होगा। आडीशन प्रक्रिया के बाद टॉप 15 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 18 जनवरी को शाम 4.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हॉल मे होगा। फिनाले में विजयी प्रतिभागियों को नगद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 21 हजार निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त टॉप 12 प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र, तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडेय एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

- तिनक धिन धा, कराओके सिंगिंग कॉन्टेस्ट के लिए ऑडिशन 17 जनवरी को
- सप्त सुरम ट्रस्ट का अभिनव प्रयास

**आवश्यकता है**

नीलिमा डेवलपर्स एवं बिल्डर्स में प्रोजेक्ट साइट हेतु सिविल इंजीनियर एवं साइट सुपरवाईजर की आवश्यकता है।

सिविल इंजीनियर (BE) - कम से कम साइट में 5 वर्षो का अनुभव एवं साइट सुपरवाईजर- कम से कम साइट में 3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।

सिविल इंजीनियर का वेतन 40,000 से 45,000 मासिक (योग्यता अनुसार) एवं साइट सुपरवाइजर का मासिक वेतन 15,000 से 20,000 तक।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 25.01.2026

नीलिमा डेवलपर्स
शिवमंदिर के पास, चित्रकोट रोड, धरमपुरा नं 1, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
फोन- 07782 358085, मोबा.- 92441 44694